समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भाजपा युवा मोर्चा हनुमानगढ़ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, आपात स्थिति से निपटने मे दिया सहयोग।

Publisher Published on 10 May 2025



सवांदाता,हनुमानगढ़,(राजस्थान)

**हनुमानगढ़,राजस्थान :** संभावित युद्ध जैसी आपात स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में शुक्रवार को **हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर श्री.काना राम** की अध्यक्षता में जिले के प्रमुख सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए सामूहिक सहयोग और समन्वय स्थापित करना था।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने सभी सामाजिक संगठनों से **रक्तदान शिविर** में सहयोग देने की अपील की, जैसा कि उन्होंने **कोविड-19** महामारी के समय भी किया था। उन्होंने कहा कि "**आप सभी का सहयोग प्रशासन के लिए अमूल्य है और संकट की घड़ी मे यंह साथ एक बार फिर ज़रूरी है**।"

इसी क्रम में **भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो**) हनुमानगढ़ के कार्यकर्ताओं ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए **जिला अस्पताल, टाउन हनुमानगढ़** में आयोजित रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**भाजयुमो जिला अध्यक्ष श्री सुशील जोशी** के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता रक्तदान शिविर में पहुँचे और स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रक्तदान करने वाले प्रमुख कार्यकर्ताओं में **जिला महामंत्री पंकज गोदारा, जिला महामंत्री अपारजोत बराड़, मंडल अध्यक्ष भानी योगी, रिपुदमन बराड़, रवींद्र भाटी, मोंटी पंडित, गगन शर्मा, रणदीप सिंह** आदि शामिल रहे।

इस मौके पर सुशील जोशी ने कहा, "रक्तदान महादान है। संकट की इस घड़ी में हम सबका यह दायित्व है कि हम प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। मैं सभी युवाओं से अपील करता हूं कि वे आगे आएं

और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें।"

यह शिविर आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी का हिस्सा है और यह सुनिश्चित करता है कि ज़रूरत पड़ने पर किसी को भी रक्त की कमी न झेलनी पड़े।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.